# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**

मोहान रोड, लखनऊ: 226 017 वेबसाइटः http://dsmru.up.nic.in


पत्रांक 1958 / COE-66/ नवम् दीक्षांत / परीक्षा / DSMNRU/2022–23 दिनांकः 11.10.2022

प्रेषक

कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

सेवा में

समस्त संयोजक सदस्य
नवम् दीक्षान्त समारोह आयोजन समिति,
विश्वविद्यालय।

**विषय–विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु दिनाँक 08.11.2022 को आयोजित नवम् दीक्षान्त–समारोह के लिये गठित विभिन्न समितियों के कार्य एवं दायित्व के संबंध में।**

**महोदया / महोदय,**

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय का नवम् दीक्षांन्त समारोह दिनाँक 08.11.2022 को आयोजित है। तत्क्रम में विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय द्वारा दीक्षान्त समारोह के आयोजन हेतु विभिन्न समितियों के कार्य एवं दायित्वों का निर्धारण करते हुए समिति के संयोजक सदस्यों को नामित किया गया है जो इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि अपने कार्य एवं दायित्व का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नकः यथोक्त्।

भवदीय

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
4. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिष्ठातागण, विश्वविद्यालय।
6. गार्ड फाइल।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

# विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु दिनाँक 08.11.2022 को आयोजित नवम् दीक्षान्त–समारोह के लिये गठित विभिन्न समितियों के कार्य एवं दायित्व

| क. स. | समिति | कार्य दायित्व | संयोजक सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वागत समिति | वालेण्टियर्स की आवश्यकता के दृष्टिगत अध्ययरनत श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर उनकी एक सूची तैयार करना। प्रबन्धशास्त्र एवं अन्य विभागों के लगभग 50 विद्यार्थियों को चिन्हित किया जाए एवं उन्हें इस कार्य हेतु पूर्णरूप से प्रशीक्षित किया जाना, यदि आवश्यकता हो तो शोध विद्यार्थियों को भी इस कार्य में सम्मिलित कर उनकी सूची भी प्रस्तुत करना। उक्त कार्य सम्पादन के लिये विद्यार्थियों हेतु एक ड्रेस–कोड लागू किया जाना आवश्यक है। | प्रो0 नागेन्द्र यादव, अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय एवं डॉ0 राशि कृष्ण सिन्हा, सह आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग तथा एन0एस0एस0 समन्वयक। |
| 2 | आमंत्रण समिति | समारोह में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय प्रांगण में पधारने वाले अतिथिगण (वी.वी.आई.पी / वी.आई.पी.) को ससम्मान उनके निर्धारित स्थान पर बैठाने एवं उनसे संबंधित अन्य कार्यो के सम्पादन। | प्रो0 अश्वनी कुमार दुबे आचार्य, राजनीति एवं लोक प्रशासन विभाग एवं प्रो0 शेफाली यादव, अधिष्ठाता, विधि संकाय एवं डॉ0 अर्चना सिंह, सहायक आचार्य, समाज कार्य विभाग। |
| 3 | प्रगति आख्या एवं दीक्षान्त प्रतिवेदन समिति | विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या एवं दीक्षान्त प्रतिवेदन तैयार कर उनक प्रकाशन संबंधी समस्त कार्यवाही। | प्रो0 यशवन्त कुमार वीरोदय आचार्य, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग। |
| 4 | सुरक्षा एवं अनुशासन व बैठक व्यवस्था समिति | दीक्षान्त समारोह के सफल संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जिला प्रशासन, जिलाधिकारी, एस.एस.पी., क्षेत्रीय थाना के एस.ओ. आदि से समन्वय स्थापित कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराना। कुलानुशासक द्वारा व्यक्तिगत रूप से जिला प्रशासन इत्यादि से सम्पर्क स्थापित कर उपर्युक्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाएगी। समारोह में सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय की फैकल्टी को विशेष आई.डी.कार्ड निर्गत कराए जाने का कार्य भी सुनिश्चित किया जाएगा। | प्रो0 शेफाली यादव कुलानुशासक |
| 5 | छात्र व्यवस्था समिति | उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ताओं से निरन्तर सम्पर्क में रहना एवं उनकी प्रतिभागिता को सुनिश्चित करने के उपागम किया जाना। स्वागत समिति, उपाधि समिति, मेल समिति, सांस्कृतिक समिति तथा सुरक्षा एवं अनुशासन समिति के संयोजकों से समन्वय एवं सहकार। | डॉ0 आशुतोष पाण्डेय अधिष्ठाता, छात्र कल्याण। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | प्रेक्षागृह समिति | दीक्षान्त समारोह आयोजन हेतु प्रेक्षागृह की आकर्षक सजावट व साज–सज्जा, दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण कार्य की व्यवस्था कराया जाना। | श्री अनिल कुमार मिश्र उप कुलसचिव, श्री बृजेन्द्र सिंह, सहायक कुलसचिव एवं सुश्री पूजा अग्रवाल, सिस्टम एनालिस्ट तथा सांस्कृतिक समिति। |
| 7 | पदक एवं डिग्री समिति | दीक्षान्त समारोह में उपाधि एवं मेडल हेतु चयनित विद्यार्थियों को पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाना जिससे वे इससे संबंधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर लें। जिले के बाहर के जिन विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए जाएंगे उन विद्यार्थियों को समारोह के एक दिन पूर्व ही विश्वविद्यालय आगमन की सूचना तत्काल प्रेषित कराया जाना। स्थानीय विद्यार्थियों को समारोह प्रारम्भ होने के दो से ढाई घंटे पूर्व ही उपस्थित रहने की सूचना प्रेषित करना। समारोह में विद्यार्थियों को मेडल वितरण के समय कौन–से फैकल्टी मेम्बर्स तद्समय मंच पर उपस्थित रहेंगे उनकी सूची तैयार कराया जाना। विद्यार्थियों को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने एवं विद्यार्थियों द्वारा डिग्री से संबंधित समस्त सूचनाएं प्रविष्ट कराने हेतु उन्हें बुलावा–पत्र तत्काल प्रेषित किया जाना। | डॉ0 अमित कुमार राय परीक्षा नियंत्रक एवं डॉ0 अजंलि सिंह, सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग। |
| 8 | परिवहन समिति | समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश के बाहर से आने वाले अतिथिगतण हेतु स्थानीय परिवहन की व्यवस्था के साथ ही उक्त अतिथिगण के प्रवास हेतु अतिथिगृह आरक्षण भी सुनिश्चित किया जाना होगा। | श्री बृजेन्द्र सिंह सहायक कुलसचिव |
| 9 | शोभायात्रा समिति | शोभायात्रा में प्रतिभाग करने वाले अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के आचार्यों की कमबद्ध सूची के अनुरूप निर्दिष्ट स्थल से मंच/पंडाल की ओर शोभायात्रा का प्रस्थान एवं दीक्षान्त समारोह के समापन के उपरान्त यथानिर्धारित कम में निर्दिष्ट स्थल की ओर शोभायात्रा की वापसी का कार्यान्वयन। | प्रो0 सी.के. दीक्षित अधिष्ठाता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय तथा डॉ0 प्रवीण कुमार मिश्र, सहायक आचार्य, गणित एवं सांख्यिकी विभाग |
| 10 | दीक्षान्त समारोह संबंधी सामग्री की प्रिंटिंग समिति | दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी प्रकाशन। | प्रो0 यशवन्त कुमार वीरोदय आचार्य, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग तथा श्री मुकेश कुमार, सहायक विधि अधिकारी |
| 11 | सांस्कृतिक कार्यकम समिति | दीक्षान्त समारोह में सांस्कृतिक कार्यकम के अन्तर्गत लोकगीत एवं राष्ट्रगान के कार्य दायित्व का संपादन। इस हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् गायन हेतु श्रेष्ठ व भिन्न रूपेण प्रतिभावान छात्राओं का चयन कर, समारोह से पूर्व यथेष्ट अभ्यास कराया जाना। उक्त कार्यकम का सम्पूर्ण संचालन साइन लैंग्वेज में भी कराया जाना। | डॉ0 कौशिकी सिंह, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग, एवं डॉ0 सुनीता शर्मा, सहायक आचार्य, ललित कला विभाग (सांस्कृतिक समिति) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | मीडिया, प्रेस समिति | विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के वरिष्ठ पत्रकारों एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरोचीफ को पत्र प्रेषित करना एवं व्यक्तिगत रूप से शिष्टाचार भेंट कर आयोजित समारोह से संबंधित जानकारी/सूचना प्रेषित कर आमंत्रित करना। | प्रो0 यशवन्त कुमार वीरोदय आचार्य, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग तथा श्री मुकेश कुमार सहायक विधि अधिकारी |
| 13 | छायांकन एवं वीडियोग्राफी समिति | समग्र दीक्षान्त समारोह का व्यापक छायांकन एवं वीडियोग्राफी संपादित कराया जाना। | प्रो0 पी0 राजीव नयन, विभागाध्यक्ष, ललित कला विभाग |
| 14 | गाउन वितरण समिति | अपेक्षानुसार गाउन की अधिप्राप्ति (प्रॉक्यूरमेंट) 'गाउन किट' में रखी जाने वाली सामग्री को निर्धारित कर उन्हें किट में रखवाना एवं शोभायात्रा में प्रतिभाग करने वाले विश्वविद्यालय के आचार्यों एवं अन्य गणमान्य आगन्तुकों को निर्दिष्ट स्थान पर गाउन उपलब्ध कराना। | प्रो0 सी.के. दीक्षित अधिष्ठाता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय एवं डॉ0 अनामिका चौधरी, सह आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग |
| 15 | जलपान व्यवस्था समिति | (अ) समारोह में वी.वी.आई.पी./वी.आई.पी. अतिथिगण एवं शिक्षकवृन्द हेतु हाई–टी की व्यवस्था। कार्यक्रम स्थल पर अतिथिगण हेतु खान–पान की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करना। | श्री मुनेश कुमार बंसल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी |
| | | (ब) पत्रकार एवं मीडिया कार्मिकों हेतु खान–पान की व्यवस्था। | श्री मुकेश कुमार सहायक विधि अधिकारी |
| | | (स) गैर–शैक्षणिक कार्मिकों हेतु खान–पान की व्यवस्था | श्री शिव शरण त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी |
| | | (द) मेडल/डिग्री प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों/वालेण्टीयर्स, हेतु रिफ्रेशमेंट एवं लंच की व्यवस्था, छात्रावास मेस में कराया जाना। | छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका एवं कुलानुशासक द्वारा नामित अतिरिक्त कुलानुशासक |
| | | (ध) सुरक्षाकर्मियों एवं पुलिस आदि के लिए लंच बाक्स की व्यवस्था। | श्री अभिषेक यादव सहायक विधि अधिकारी |
| 16 | मंच व्यवस्था समिति | निर्दिष्ट मंच की आकर्षक सजावट को सुनिश्चित करना। सम्यक् आसन–व्यवस्था एवं अपेक्षित फर्नीचर तथा माइक व पोडियम की व्यवस्था। यथास्थान जल, फोल्डर एवं अन्य स्वागत/अभिनन्दन–सामग्री का व्यवस्थापन। | डॉ0 अमित कुमार राय परीक्षा नियंत्रक एवं सांस्कृति समिति |
| 17 | आई.टी. समिति | दीक्षान्त समारोह से संबंधित समस्त सूचना को ससमय सम्यक् रूप में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने, प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की कार्यक्रम से पूर्व प्रस्तुति, दीक्षान्त कार्यक्रम की वेब स्ट्रीमिंग तथा विश्वविद्यालय की डॉक्यूमेंट्री संबंधी समस्त कार्य, राष्ट्रगान प्रस्तुति तथा आनुशंगिक संगत कार्य। | डॉ0 विनोदिनी कटियार, विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं सुश्री पूजा अग्रवाल, सिस्टम एनालिस्ट |
| 18 | स्मृति चिन्ह एवं बैकड्रॉप समिति | दीक्षान्त समारोह में पधारने वाले मुख्य अतिथि, अतिविशिष्ट अतिथिगण, विशिष्ट अतिथिगण को स्मृति चिन्ह भेंट किए जाने हेतु स्मृति चिन्ह एवं बैक ड्रॉप का डिजाइन तैयार कर मा. कुलपति महोदय के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करना। | प्रो0 पी0 राजीव नयन, विभागाध्यक्ष, ललित कला एवं श्री बृजेन्द्र सिंह, सहायक कुलसचिव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | **परिसर सौन्दर्यीकरण समिति** | सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिसर का सम्यक अनुरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा। | श्री अनिल कुमार मिश्र उप कुलसचिव एवं श्री बृजेन्द्र सिंह, सहायक कुलसचिव |
| 20 | **प्राथमिक चिकित्सा समिति** | समारोह स्थल पर आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना। | डॉ0 कमलेश यादव, चिकित्सा अधीक्षक |
| 21 | **सैनेटाजेशन समिति** | दीक्षान्त समारोह हेतु विश्वविद्यालय परिसर में आने वाले विशिष्ट/अतिविशिष्ट महानुभावों/शिक्षकवृन्द/विद्यार्थियों हेतु कोविड–19 के दृष्टिगत थर्मल स्कैनिंग, मास्क आदि के सत्यापन साथ–साथ आवश्यकतानुसार सैनेटाइजेशन सुनिश्चित कराया जाना। | डॉ0 कमलेश यादव, चिकित्सा अधीक्षक एवं समन्वयक एन0एस0एस0 |
| | अन्य कार्य दायित्व | | |
| 22 | समारोह में शैक्षणिक यात्रा के दौरान पी.ए.सी.बैण्ड (सलामी बैण्ड) की व्यवस्था। | | प्रो0 पाण्डेय राजीव नयन, विभागाध्यक्ष, ललित कला एवं श्री बृजेन्द्र सिंह, सहायक कुलसचिव |
| 23 | विश्वविद्यालय के ध्वजारोहण के साथ ही विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों का ध्वज की व्यवस्था। | | श्री अभिषेक यादव, सहायक विधि अधिकारी |
| 24 | विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की उपाधि एवं मेडल एक फोल्डर में दिए जाएं। फोल्डर पर प्रत्येक विद्यार्थी का नाम एवं पाठ्यक्रम अवश्य अंकित किया जाए। | | डॉ0 अमित कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक एवं डॉ0 अशोक कुमार मिश्र, सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान विभाग। |
| 25 | उपर्युक्त समस्त समितियों के समयबद्ध कार्य निष्पादन एवं समन्वय करना। | | प्रो0 हिमांशु शेखर झा, आचार्य, समाजशास्त्र, सामाजिक विज्ञान विभाग तथा प्रो0 वी0 के0 सिंह, अधिष्ठाता, कला एवं संगीत संकाय |

उपरोक्तानुसार विभिन्न समितियों के संयोजक आवश्यकतानुसार मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त उप समितियों का गठन करते हुए अपने कार्य एवं–दायित्व का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

..........................................